# यूटीयू : सम-सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम घोषित, छात्रों को स्वमूल्यांकन का अवसर

- सम सेमेस्टर का परिणाम जारी करने के साथ दी जा रहीं मूल्यांकित कापियां
- कुलपति ने कहा- पारदर्शिता के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का छात्र करें मूल्यांकन

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की सम-सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। साथ ही छात्रों को स्वमूल्यांकन का मौका दिया है। ताकि वह दिए अंकों को जांच लें। मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए छात्रों को उनकी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाने की व्यवस्था लागू की गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने बताया कि बीटेक, एमबीए, एमसीए, बीएएलएलबी, बीबीएएलएलबी, एलएलबी जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्राथमिकता पर कराया गया है। मूल्यांकन होते ही गुरुवार से छात्रों को उत्तर पुस्तिकाएं दिखाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे पहले बीएचएमसीटी (द्वितीय एवं अंतिम वर्ष) व एमबीए (इंटीग्रेटेड) पाठ्यक्रमों का अंतिम परीक्षा परिणाम 27 जून को घोषित किया जा चुका है। छात्रों को उत्तर पुस्तिका देखने से पूर्व संबंधित विषयों के शिक्षकों का फीडबैक फार्म भरना अनिवार्य किया गया है।

इसके बाद ही छात्र अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका देख सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो सत्रों से विश्वविद्यालय में प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से परीक्षा कार्यों में पारदर्शिता आई है। शिक्षकों से प्राप्त फीडबैक को सभी संबद्ध संस्थानों से साझा किया जा रहा है, जिससे शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और गुणवत्तापरक बनाया जा सके।

## यूटीईटी प्रथम व द्वितीय के आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू

जागरण संवाददाता, रामनगर : राज्य में प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक बनने के लिए उत्तराखंड अध्यापक पात्रता परीक्षा (यूटीईटी) 27 सितंबर को होगी। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने यूटीईटी की तिथि व आवेदन करने का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। साथ ही यूटीईटी प्रथम व यूटीईटी द्वितीय के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी दस जुलाई से शुरू हो गई है। पांच अगस्त आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि है। प्राथमिक स्कूल के शिक्षक के लिए यूटीईटी प्रथम व जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक बनने के लिए यूटीईटी द्वितीय की परीक्षा पास करना बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी के लिए आवश्यक है। 29 शहरों में होने वाली परीक्षा का आयोजन उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर की ओर से कराया जाता है। आनलाइन आवेदन के बाद सात अगस्त तक शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। नौ से 12 अगस्त तक आनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी संशोधन कर सकेंगे। सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी के लिए एक परीक्षा का शुल्क छह सौ रुपये, दोनों परीक्षा का शुल्क एक हजार रुपये होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व निशक्त वर्ग के लिए एक परीक्षा का शुल्क तीन सौ रुपये व दो परीक्षा का शुल्क पांच सौ रुपये निर्धारित किया है। परिषद के सचिव विनोद कुमार सिमल्टी ने बताया कि यूटीईटी 27 सितंबर शनिवार को आयोजित कराई जाएगी। यूटीईटी की पहली पाली की परीक्षा सुबह दस बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक होगी। यूटीईटी द्वितीय की परीक्षा दूसरी पाली में अपराह्न दो बजे से साढ़े चार बजे तक होगी।